## ।। कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, बद्रीनाथ वन प्रभाग, गोपेश्वर ।।

पत्रांक 2440 / 12-1, दिनांक, गोपेश्वर, 31/12 /2019

सेवा में,

वन संरक्षक,
गढ़वाल वृत्त,
उत्तराखण्ड, पौड़ी।

**विषयः–** **जनपद चमोली में पी0एम0जी0एस0वाई0 के अन्तर्गत थराली देवाल मुन्दोली(T01) किमी0 17 से ताजपुर लग्गा काण्डई लिंग मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 2.933 है0 सिविल/वन पंचायत वन भूमि का ग्राम्य विकास विभाग को हस्तान्तरण प्रस्ताव लम्बाई–5.00 किमी0**

**संदर्भः–** अधिशासी अभियन्ता, एन0पी0सी0सी0लि0, कैम्प कार्यालय थराली का पत्रांक एन0पी0सी0सी0/पी0एम0जी0एस0वाई0/12 दिनांक 23.12.2019

**महोदय,**

अधिशासी अभियन्ता, एन0पी0सी0सी0लि0, कैम्प कार्यालय थराली ने अपने उपरोक्त संदर्भित पत्र से विषयांकित मोटर मार्ग के वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव में लगे आपत्ति का निराकरण किया गया है। जिसे ऑनलाईन Forestclearance.nic.in में अपलोड करते हुए इस कार्यालय को प्रेषित की गयी है। उपरोक्त संदर्भित पत्र की प्रति संलग्न कर आपको अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा रही है।

अतः आपसे अनुरोध है कि प्रकरण की महत्ता को दृष्टिगत रखते हुए विषयांकित प्रकरण पर अपने स्तर से यथोचित कार्यवाही करने की कृपा करे।

**संलग्नः– यथोपरि।**

भवदीय,

**(आशुतोष सिंह )**
प्रभागीय वनाधिकारी,
बद्रीनाथ वन प्रभाग, गोपेश्वर।

**पंत्राकः– / दिनांकित।**
**प्रतिलिपिः–** अधिशासी अभियन्ता, एन0पी0सी0सी0लि0, कैम्प कार्यालय थराली को सूचनार्थ प्रेषित।

**(आशुतोष सिंह)**
प्रभागीय वनाधिकारी,
बद्रीनाथ वन प्रभाग, गोपेश्वर।

Scanned by CamScanner

एन पी सी सी NATIONAL PROJECTS CONSTRUCTION CORPORATION LIMITED
( A Gov. Of India Enterprises)
Uttarakhand Zonal Office Dehradun

Ref: NPCC/Tharali/PMGSY/12
...वा में,

Dated: 23/12/2019

वन संरक्षक,
गढ़वाल वृत्त, उत्तराखण्ड
पौड़ी।

विषयः– जनपद चमोली में पी0एम0जी0एस0वाई0 खण्ड फेज–XVII के अन्तर्गत थराली देवाल मुन्दोली (TO01) किमी0 17 से ताजपुर लग्गा काण्डई लिंग मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 2.933 है0 सिविल/वन पंचायत वन भूमि का ग्राम्य विकास विभाग को हस्तान्तरण प्रस्ताव लम्बाई– 5.00 किमी0

संदर्भः– ई0डी0एस0 दिनांक 24.08.2019

महोदय,

उपरोक्त ऑनलाईन ई0डी0एस0 से प्राप्त विशयांकित मोटर मार्ग हेतु प्रस्तावित समरेखण का स्थलीय निरीक्षण करते समय कुछ आपत्ति के निराकरण हेतु लिखा गया था जिसके सम्बन्ध में आपको अवगत कराना है कि उक्त मोटर मार्ग का प्रस्तावित समरेखण ग्राम ल्वाणी एवं पीलखड़ा के मध्य से प्रस्तावित है एवं काण्डई गांव देवाल मुन्दोली मोटर मार्ग से पूर्व से ही जुड़ा हुआ है। ताजपुर गांव ताजपुर लग्गा काण्डई के नाम से राजस्व गांव है। जिससे उक्त मोटर मार्ग का नाम ताजपुर लग्गा काण्डई लिंग मोटर मार्ग से रखा गया है। उक्त मोटर मार्ग के प्रस्तावित समरेखण में आने वाली गांव ग्राम ल्वाणी, ताजपुर एवं काण्डई गांव की एन0ओ0सी0 दी गयी है। जिससे उन्हे कोई आपत्ति नही है। (प्रति संलग्न) मोटर मार्ग निर्माण हेतु दो समरेखण प्रस्तावित एवं वैकल्पिक समरेखण लिया गया है। मोटर मार्ग हेतु प्रस्तावित समरेखण में 0.967 है0 नाप भूमि, 2.095 है0 सिविल भूमि, 0.838 है0 आरक्षित वन भूमि कुल 3.9 है0 आ रही है। जबकि वैकल्पिक समरेखण में 0.647 है0 नाप भूमि, सिविल भूमि 2.181 है0 व वन पंचायत 1.870 है0 कुल 4.698 है0 वन भूमि प्रभावित हो रही है। वैकल्पिक समरेखण में अधिक वन भूमि प्रभावित होने के कारण कम वन भूमि प्रभावित होने वाले समरेखण को लिया गया है। भू–वैज्ञानिक द्वारा अपने रिपोर्ट में यह उल्लेख किया गया है कि भू–वैज्ञानिक निरीक्षण रिर्पोट में उक्त समरेखण को ही उपयुक्त बताता गया है एवं प्रमुख हैजर्टस को समझते हुए प्रस्तावित सड़क के कन्स्ट्र"ान प्लान को सुगम बनाया जा सके तथा थराली देवाल मुन्दोली के ल्वाणी एवं पीलखड़ा के मध्य से होकरण ताजपुर लग्गा काण्डई मोटर मार्ग का प्रस्तावित समरेखण वर्तमान में भूगर्भीय दृश्टि से सुझावो के साथ मार्ग निर्माण के लिये उपयुक्त प्रतीत बताया गया है। समरेखण क्षेत्र की भूगर्भीय स्थिति भू–आकृति एवं प्रस्तर में वर्णित तथ्यों को सम्मिलित किया गया है। की प्रति संलग्न की जा रही है।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त मोटर मार्ग हेतु जनहित को यातायात से जोड़ने हेतु अपने संस्तुति देने की कृपा करे।

*संलग्नः– यथोपरि।*

भवदीय,

(हस्ताक्षर)

प्रबंधक

एन॰पी॰सी॰सी॰ लिमिटेड

पी॰आई॰यू॰ - थराली

Scanned by CamScanner